सं. ए-12022/2/2004-प्रशा.4
भारत सरकार
योजना आयोग

योजना भवन, संसद मार्ग,
नई दिल्ली, 14 अक्टूबर, 2005

सेवा में,

केन्द्र सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग।

विषयः योजना आयोग में तदर्थ प्रतिनियुक्ति के आधार पर वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी एवं अनुसंधान अधिकारी के पदों को कार्यक्रम मूल्यांकन संगठन (पीईओ) में भरा जाना।

महोदय,

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि योजना आयोग में तदर्थ प्रतिनियुक्ति के आधार पर वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी एवं अनुसंधान अधिकारी, कार्यक्रम मूल्यांकन संगठन (पीईओ) के कुछ पदों को एक वर्ष की अवधि के लिए अथवा नियमित आधार पर पद के भरे जाने तक, जो भी पहले हो, भरने का प्रस्ताव है। उक्त पदों के लिए रिक्तियों की संख्या, पदो का स्थान, वेतनमान, पात्रता की शर्तें, जैसे कि अर्हताएं एवं अनुभव, प्रतिनियुक्ति की अवधि एवं ड्यूटी की प्रकृति इत्यादि से संबंधित ब्यौरे संलग्नक क्रमशः I एवं II में दिए गए हैं।

2. केन्द्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि वे इस रिक्ति को अपने नियन्त्रणाधीन सभी अधिकारियों के नोटिस में लाएं तथा उन पात्र और इच्छुक अधिकारियों के आवेदन पत्र(दो प्रतियों में) अग्रेषित कर दिए जाएं जिन्हें चयन की सूचना प्राप्त होने के एक माह के भीतर कार्यमुक्त किया जा सके। आवेदन पत्र संलग्न प्रोफार्मा में आवेदक द्वारा विधिवत् रूप से हस्ताक्षरित तथा कार्यालयाध्यक्ष अथवा हस्ताक्षर करने के लिए उनकी ओर से प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रमाणीकृत होने चाहिए। पात्र अभ्यर्थियों के आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज भी होने चाहिएः-

(क) विशिष्ट अनापत्ति/संवर्ग अनुमति

(ख) संबंधित आवेदक का अद्यतन गोपनीय रिपोर्ट डोजियर अथवा पिछले पांच वर्षों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्टों की फोटो प्रतियां जो अवर सचिव अथवा इससे उच्च स्तर के अधिकारी द्वारा विधिवत् रूप से अनुप्रमाणित हो ;

(ग) संलग्न प्रपत्र में सतर्कता निकासी यह दर्शाते हुए कि संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कोई अनुशासनिक/आपराधिक कार्रवाई न तो लम्बित है/और न ही अवेक्षित है ;

(घ) संलग्न प्रपत्र में उपसचिव अथवा इससे उच्च स्तर के अधिकारी द्वारा विधिवत रूप से हस्ताक्षरित सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र ; और

(ङ.) पिछले दस वर्षो के दौरान आवेदक पर लगाए गए मुख्य/लघु दण्डों के ब्यौरे, यदि कोई हों अथवा संलग्न प्रपत्र में "दण्ड नहीं प्रमाण पत्र", जो भी लागू हों ।

3. इन रिक्तियों को रोजगार समाचार में प्रकाशित किया जा रहा है । योजना आयोग में आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में इसके प्रकाशन की तारीख से 30 दिन की होगी। पात्रता निर्धारण की निर्णायक तिथि आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि होगी ।

4. सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन पत्र रोजगार समाचार पत्र में प्रकाशित अंतिम तिथि को अथवा उससे पूर्व अवर सचिव (प्रशा-III ) योजना आयोग, कमरा सं0 410, योजना भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली - 110001 को पहुंच जाने चाहिए । अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों अथवा जो निर्धारित प्रपत्र में न हो अथवा अधुरे हों अथवा अंतिम तिथि से पहले उचित माध्यम से प्राप्त न होने वाले अग्रिम आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

भवदीय,

(रवजीत सिंह)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष : 23096746

प्रति प्रेषितः

1. योजना भवन में मानक वितरण
2. नोटिस बोर्ड/गार्ड फाईल
3. आर्थिक मामले विभाग(श्री आर के मग्गो- अवर सचिव) नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली ।
4. सभी क्षेत्रीय मूल्यांकन संगठन (आरईओ)/ कार्यक्रम मूल्याकंन संगठन (पीईओ)

(रवजीत सिंह)
अवर सचिव, भारत सरकार

नोटः इस रिक्ति परिपत्र के ब्यौरे लिंक सर्कूलर के अंतर्गत योजना आयोग की वेबसाइट http//planningcommission.nic.in पर भी उपलब्ध है ।

संलग्नक- I

## वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी के पद से संबंधित ब्यौरे कार्यक्रम मूल्याकंन संगठन (पीईओ),योजना आयोग,में

1. पद का वर्गीकरण : समूह क, राजपत्रित, अननुसचिवीय

2. वेतनमान : 10,000-325-15200 रू0

3. भरे जाने के लिए प्रस्तावित पदों की संख्या और स्थान : 10(दस) हैदराबाद (2 रिक्तियाँ ) चण्डीगढ,जयपुर,लखनऊ, कोलकत्ता चेन्नई, मुम्बई,पटना,गुवाहाटी

4. पात्रता (अंतिम तारीख को) :

केन्द्र सरकार के अधिकारीः

(i) जो सदृश् पद धारण किए हुए हों ; अथवा

(ii) 8000-13500 रू0 के वेतनमान अथवा समकक्ष पदों पर 5 वर्ष की नियमित सेवा कर चुके हो और नीचे मद संख्या 5 में यथा इंगित पद हेतु निर्धारित अर्हताएं, अनुभव इत्यादि रखते हों।

5. पद से संबंधित अर्हताएं और अनुभवः

(i) अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर डिग्री और

(ii) आंकडों के समेकन और विश्लेषण और /अथवा प्रस्तावों के प्रतिपादन का न्यूनतम पाँच वर्ष का अनुभव ।

6. पद से संबंधित कार्य ;

आंकडों के संग्रहण, टिप्पणियों और ज्ञापन और प्रशासन ।

7. तदर्थ प्रतिनियुक्ति की अवधि

तदर्थ प्रतिनियुक्ति की अवधि एक वर्ष अथवा नियमित आधार पर पदों के भरे जाने तक जो भी पहले हो, होगी । प्रतिनियुक्ति की शर्ते भारत सरकार के कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 5 जनवरी, 1994 के का0 ज्ञा0 सं 2/29/91-स्था (वेतन-II) में निहित समय-समय पर यथा संशोधित आदेशों के अनुसार निर्धारित की जाएंगी ।

8. आयु सीमा

तदर्थ प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति हेतु अधिकतम आयु सीमा आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

संलग्नक- II

अनुसंधान अधिकारी के पद से संबंधित ब्यौरे कार्यक्रम मूल्यांकन संगठन (पीईओ),योजना आयोग,में

1. पद का वर्गीकरण : समूह क, राजपत्रित, अननुसचिवीय

2. वेतनमानः 8,000-275-13500 रू0

3. भरे जाने के लिए प्रस्तावित पदों की संख्या और स्थानः 4(चार) शिमला,भोपाल, बंगलोर और अहमदाबाद

4. पात्रता (अंतिम तारीख को)

केन्द्र सरकार के अधिकारीः

(i) जो सदृश् पद धारण किए हुए हों ; अथवा

(ii) 6500-10500 रू0 के वेतनमान अथवा समकक्ष पदों पर 5 वर्ष की नियमित सेवा कर चुके हों ; अथवा

(iii) 5500-9000 रू0 के वेतनमान अथवा समकक्ष पदों पर 8 वर्ष की नियमित सेवा कर चुके हों और नीचे मद संख्या 5 में यथा इंगित पद हेतु निर्धारित अर्हताएं, अनुभव इत्यादि रखते हों ।

5. पद से संबंधित अर्हताएं और अनुभवः

(i) अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर डिग्री या गणित या सांख्यिकीय

(ii) आंकडों के समेकन और विश्लेषण और /अथवा प्रस्तावों के प्रतिपादन का न्यूनतम पाँच वर्ष का अनुभव ।

6. पद से संबंधित कार्य ;

आंकडों के संग्रहण, टिप्पणियों और ज्ञापन और प्रशासन ।

7. तदर्थ प्रतिनियुक्ति की अवधि

तदर्थ प्रतिनियुक्ति की अवधि एक वर्ष अथवा नियमित आधार पर पदों के भरे जाने तक जो भी पहले हो, होगी । प्रतिनियुक्ति की शर्ते भारत सरकार के कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 5 जनवरी, 1994 के का0 ज्ञा0 सं 2/29/91-स्था (वेतन-II) में निहित समय-समय पर यथा संशोधित आदेशों के अनुसार निर्धारित की जाएंगी ।

8. आयु सीमा

तदर्थ प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति हेतु अधिकतम आयु सीमा आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

## आवेदन प्रपत्र

| | | |
|---|---|---|
| 1. | नाम | |
| 2. | जन्म तिथि | |
| 3. | सेवा निवृत्ति की तारीख | |
| 4. | (क) यदि वह किसी संगठित सेवा से संबंधित हैं तो उसका नाम<br>(ख) संवर्ग नियंत्रक प्राधिकरण का नाम | |
| 5 | शैक्षिक अर्हताएं तथा अनुभव : | |
| | निर्धारित अर्हताएं एवं अनुभव | अधिकारी द्वारा धारित अर्हताएं एवं अनुभव जो 'निर्धारित अर्हता' के समकक्ष अथवा उससे उच्च हो। |
| | (1)<br><br>(2)<br><br>टिप्पणी : यदि अधिकारी द्वारा धारित कोई शैक्षिक अर्हता निर्धारित शैक्षिक अर्हता के समतुल्य अथवा उच्च नहीं है अथवा समतुल्य है तो, कृपया उस प्राधिकरण का उल्लेख करें। | |
| 6. | कर्मचारी द्वारा लिया गया प्रशिक्षण, यदि कोई हो, जो आवेदित पद के संगत है : | |

| प्रशिक्षण कार्यक्रम का नाम | अवधि से | तक | संगठन जहाँ से प्रशिक्षण लिया गया | लिए गए प्रशिक्षण की प्रकृति | अभ्युक्तियां |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 7. | धारित पद के संबंध में सूचना<br>(i) वर्तमान धारित पद<br>(ii) पूरा वेतनमान<br>(iii) वर्तमान वेतन<br>(iv) विशेष वेतन, यदि कोई हो<br>(v) क्या पद नियमित आधार पर अथवा तदर्थ आधार पर अथवा प्रतिनियुक्ति आधार पर धारित है।<br>(vi) किस तारीख से इस पद पर हैं ?<br>(vii) यदि वर्तमान पद नियमित आधार पर धारित है और प्रारम्भ में तदर्थ आधार पर धारित था, तो नियमित आधार पर किस तारीख से पद धारित किया गया है।<br>(एसीपी के अंतर्गत यदि वित्तीय अपग्रेडेशन हुआ है तो इसका विशेष रूप से उल्लेख किया जाए) | |
| 8. | यदि वर्तमान पद नियमित आधार पर धारित नहीं है, तो<br>(i) नियमित आधार पर धारित पद<br>(ii) इसका वेतनमान<br>(iii) नियमित आधार पर धारित किए जाने की तारीख | |
| 9. | पद यदि कोई है जिसे अधिकारी स्थायी क्षमता में धारित किए हुए हैं । | |
| 10. | (1) क्या वर्तमान पद कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग के दिनांक 7.3.1984 के कार्यालय ज्ञापन सं. 19017/27/75-स्थापना (डी) (भाग) की शर्तों के अनुसार सदृश पद है। | |

| | | |
|---|---|---|
| 10. | (2) यदि वर्तमान पद एक सदृश पद नहीं है, वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी के लिए 8000-275-13500 रुपये (संशोधित) वेतनमान तथा अनुसंधान अधिकारी के लिए 6500-10500 रुपये अथवा 5500-9000/- रुपये के वेतनमान अथवा समकक्ष अथवा इससे उच्च वेतनमान में नियमित आधार पर पद धारित किए जाने की तारीख | |
| 11. | सेवा का विवरण | |

| पद का नाम | नियोक्ता | अवधि<br>से तक | वेतनमान | कार्य की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 12. | चयन के विषय क्षेत्र में अपेक्षित अनुभव :<br><br>टिप्पणी : कृपया अनुसंधान/निरुपण/डिजाइन/आयोजना अथवा योजना परियोजना के निष्पादन/निरुपण के क्षेत्र में उपलब्धियाँ दर्शाते हुए प्रकाशित कृतियों की प्रतियाँ प्रस्तुत करें। | |
| 13. | (1) पिन कोड संख्या सहित वर्तमान डाक पता<br>(2) दूरभाष संख्या<br>(क) कार्यालय<br>(ख) आवास | |

| | | |
|---|---|---|
| 14. | क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के हैं | |
| 15. | कोई अन्य संबंधित सूचना | |
| 16. | तैनाती स्थान की वरीयता का क्रम | (1) प्रथम वरीयता<br>(2) द्वितीय वरीयता<br>(3) तृतीय वरीयता |

दिनांकः

स्थानः

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

नोटः यदि उम्मीदवार कोई विशेष वेतन आहरित करता है, तो कृपया आगे और निम्नलिखित सूचना प्रस्तुत करें :

(i) जिस नियुक्ति के लिए विशेष वेतन प्रदान किया गया है, क्या वह सावधिक नियुक्ति है ; तथा

(ii) क्या पद के लिए विशेष वेतन विशेष रुप से पद के लिए अलग से वेतनमान के बदले में वेतनमान के अतिरिक्त स्वीकृत किया गया है।

## आवेदन को अग्रेषित करने वाले कार्यालय के प्रयोग के लिए

सं0.............................  दिनांक...........................................

उपर्युक्त प्रविष्टियाँ इस कार्यालय में उपलब्ध रिकार्ड के अनुसार सत्यापित की जा चुकी हैं और सही पाई गयी हैं।

हस्ताक्षर ..................................

नाम ..........................................

(कार्यालय की मुहर)

आवेदकों के आवेदन के साथ अलग से संलग्न किए जाने वाले अपेक्षित विभिन्न प्रमाणपत्रों का प्रपत्र

## सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र

वार्षिक गोपनीय रिपोर्टों की जांच करने के उपरान्त यह प्रमाणित किया जाता है कि डा0/श्री/श्रीमती/सुश्री........................................ जिन्होंने तदर्थ प्रतिनियुक्ति आधार पर योजना आयोग में वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी/अनुसंधान अधिकारी के पद हेतु आवेदन किया है, की सत्यनिष्ठा मे कोई संदेह नही है ।

(उपसचिव अथवा इससे उच्च स्तर के अधिकारी के हस्ताक्षर)

नाम व कार्यालय मुहरः

दिनांक

## सतर्कता निकासी प्रमाणपत्र

प्रमाणित किया जाता है कि डा0/श्री/श्रीमती/सुश्री........................................ जिन्होंने तदर्थ प्रतिनियुक्ति आधार पर योजना आयोग में वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी/ अनुसंधान अधिकारी के पद हेतु आवेदन किया है, के विरुद्ध कोई अनुशासनिक/आपराधिक कार्रवाई न तो लंबित है अथवा अपेक्षित है ।

(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)

नाम व कार्यालय मुहरः

दिनांकः

## दण्ड नहीं प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि डा0/श्री/श्रीमती/सुश्री.................................. जिन्होंने तदर्थ प्रतिनियुक्ति आधार पर योजना आयोग में वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी/अनुसंधान अधिकारी के पद हेतु आवेदन किया है, के विरुद्ध पिछले दस सालों के दौरान कोई लघु/मुख्य दण्ड नहीं लगाया गया है ।

(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)

नाम व कार्यालय मुहरः

दिनांकः